बर्षः- 05
अंकः- 345
मुरादाबाद
(Friday)
10 April 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक

प्रातः कालीन

क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

मुरादाबाद से प्रकाशित

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

बंगाल में BJP की जनसभाएं : हल्दिया में गारंटी देने के बाद आसनसोल में गरजे PM, कहा- भर गया TMC के पापों का घड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बंगाल के आसनसोल में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत देवी कल्यानेश्वरी और घाघर बुरी चंडी का आह्वान करके की। प्रधानमंत्री ने कहा कि बंगाल में अब सत्ता परिवर्तन निश्चित है, जिसे आसनसोल और पूरे बंगाल की जनता चाहती है। उन्होंने टीएमसी पर सिंडिकेट राज, कोयला और रेत माफिया को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।पीएम मोदी ने दावा किया कि टीएमसी के पापों का घड़ा भर चुका है और बदलाव के बाद बंगाल नई ऊंचाइयों को छुएगा। उन्होंने बताया कि कभी

समृद्ध औद्योगिक क्षेत्र रहे आसनसोल से निवेश पलायन कर गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि केवल भाजपा की डबल इंजन सरकार ही इस स्थिति को सुधार सकती है। उन्होंने उल्लेख किया कि बंगाल का राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में योगदान 12 फीसदी से घटकर केवल पांच फीसदी रह गया है।विकास और केंद्र का योगदान- प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार ने आसनसोल में उद्योगों के पुनरुद्धार के लिए 45,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी ने बंगाल को केवल निर्ममता दी है, जबकि भाजपा ने बाधाओं के बावजूद आसनसोल का विकास किया है। मोदी ने कहा कि आसनसोल और दुर्गापुर दोनों में महानगर बनने की क्षमता है। उन्होंने वादा किया कि भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार यह विकास लाएगी। %भारत की पश्चिमी सीमाओं को सुरक्षित किया% -पीएम मोदी ने दावा किया कि भाजपा ने भारत की पश्चिमी सीमाओं को सुरक्षित किया है और पूर्वी सीमाओं की सुरक्षा भी भाजपा ही सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा आपका एक वोट बंगाल के भविष्य की सुरक्षा की गारंटी बनेगा। उन्होंने टीएमसी पर आरोप लगाया कि एक समुदाय के नाम पर हिंदुओं को धमकाया जा रहा है और बंगाल में घुसपैठियों के बढ़ते दबदबे से लोगों की आजीविका प्रभावित हो रही है। कुछ जगहों पर मंदिर जाने और पूजा करने पर पाबंदी लगी है। पीएम मोदी ने कहा कि यह सब टीएमसी सरकार की नीतियों का परिणाम है।उन्होंने साफ कहा कि 4 मई के बाद बंगाल में कानून का असली राज चलेगा और हर तरह की गुंडागर्दी का हिसाब लिया जाएगा। पीएम मोदी ने टीएमसी की बौखलाहट और जनता के भरोसे की बात करते हुए कहा कि बंगाल की जनता देशभक्त होगी और इस चुनाव में टीएमसी का कोई हथकंडा काम नहीं आएगा।

संक्षिप्त समाचार

कांग्रेस ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष बोले - ओबीसी महिलाओं के आरक्षण को लेकर संघर्ष करेंग

कांग्रेस ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जयहिंद ने कहा कि महिला आरक्षण में ओबीसी महिलाओं की अनदेखी की गई है। इसमें महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण का प्रावधान किया जाए।कांग्रेस ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जयहिंद ने कहा कि महात्मा फुले की जयंती को कांग्रेस भव्य तरीके से मनाएगी। महिलाओं को आरक्षण दिलाने के लिए संघर्ष किया जाएगा। पत्रकारों से बातचीत करते हुए अनिल जयहिंद ने कहा कि ग्राउंड लेवल पर आरक्षण को लेकर जागरूक किया जाएगा। हम चाहते हैं कि जनगणना में तेलंगाना का मॉडल अपनाया जाए। विभिन्न संगठनों से राय लेकर गणना की जाए।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से कराई जा रही जनगणना में कई खामियां हैं। जाति जनगणना करते समय कच्चा मकान, पक्का मकान सहित सभी पहलुओं की गणना हो। उन्होंने कहा कि ज्योतिबा फुले ने सामाजिक न्याय की लड़ाई की शुरुआत की। उन्होंने समता और शिक्षा के द्वार खोले। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होने वाले फुले जयंती समारोह में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, तेलंगाना के मंत्री पोन्नम प्रभाकर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, पूर्व अध्यक्ष राज बब्बर, इमरान प्रतापगढ़ी, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सहित अन्य नेता मौजूद रहेंगे।

सेना प्रमुख बोले- ऑपरेशन सिंदूर ने संयुक्त कार्रवाई के महत्व को बताया, ये एक केस स्टडी

सेना प्रमुख ने एक कार्यक्रम में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने हमें संयुक्त कार्रवाई के महत्व को बताया। यह एक केस स्टडी है। वहीं. आधुनिक युद्ध अब भौगोलिक सीमाओं या किसी एक सेना के प्रभुत्व तक सीमित नहीं है। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने गुरुवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने डोमेन जॉइंटनेस की दिशा में भारत की प्रगति को दिखाया है। इस सैन्य अभियान को एकीकरण के परिचालन महत्व का निर्णायक केस स्टडी बताया। पिछले साल मई में, भारत ने 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान में आतंकी लॉन्चपैड को निशाना बनाते हुए सैन्य कार्रवाई शुरू की थी। पहलगाम हमले में 26 भारतीय पर्यटक मारे गए थे।

जनरल द्विवेदी ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर, विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्तता की दिशा में भारत की प्रगति का सबसे शक्तिशाली साधन था। लेकिन हमें विभिन्न क्षेत्रों का एकीकरण और विलय हासिल करना होगा। दरअसल, वह यहां रण संवाद मंच पर थल सेना द्वारा बहु-क्षेत्रीय संचालन (एमडीओ) का दृश्य-विश्लेषण विषय पर संबोधित कर रहे थे। सेना प्रमुख ने कहा कि एमडीओ के बारे में उनकी कल्पना छह डोमेन के समानांतर संचालन की नहीं है, बल्कि उन सभी की निरंतर गतिशील बातचीत की है, जहां भार बदलता है और नेतृत्व में परिवर्तन होता है।सेना प्रमुख ने क्या कहा?- सेना प्रमुख ने इस बात पर जोर दिया कि आधुनिक युद्ध अब भौगोलिक सीमाओं या किसी एक सेना के प्रभुत्व तक सीमित नहीं है, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों, हितधारकों और संघर्ष के स्तरों में निरंतर क्रिया द्वारा परिभाषित होता है। उन्होंने कहा, हम अपने समय के एक बिखरे हुए, अघोषित, बहु-मोर्चे वाले, बहु-क्षेत्रीय युद्ध का सामना कर रहे हैं। सवाल यह नहीं है कि क्या क्षेत्र आपस में परस्पर क्रिया करते हैं, बल्कि यह है कि युद्ध क्षेत्र में यह परस्पर क्रिया किस प्रकार संचालित होती है।स्थलीय क्षेत्र और स्थलीय बलों के बीच अंतर-इसके साथ ही जनरल द्विवेदी ने स्थलीय क्षेत्र और स्थलीय बलों के बीच अंतर स्पष्ट करते हुए समझाया कि जहां पहला परिचालन क्षेत्र को संदर्भित करता है। वहीं दूसरा उन सभी छह क्षेत्रों - भूमि, वायु, समुद्री, साइबर, अंतरिक्ष और संज्ञानात्मक को शामिल करता है जो एक साझा वातावरण में काम करते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ये क्षेत्र अब पृथक नहीं हैं बल्कि गतिशील तालमेल के माध्यम से काम करते हैं।उन्होंने कहा, एमडीओ में, युद्धक्षेत्र अब मानचित्र पर खींची गई एक रेखा मात्र नहीं है। यह एक 3डी परिदृश्य है - साइबर प्रभाव संज्ञानात्मक स्थान को आकार देते हैं। अंतरिक्षीय संसाधन लक्ष्यों को संकेत देते हैं। वहीं, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध एक साथ हर आवृत्ति का मुकाबला करता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कमांडरों को सामरिक से लेकर रणनीतिक स्तर तक, विभिन्न क्षेत्रों में स्थितिजन्य जागरूकता विकसित करनी चाहिए। जनरल द्विवेदी ने आगे कहा, यह जमीनी खुफिया नेटवर्क, साइबर और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध (ईडब्ल्यू) से मिली जानकारियों का मेल था जिसने सेना और वायु सेना की संयुक्त कार्रवाई को लक्ष्य निर्धारित करने में मदद की, वहीं नौसेना की तैनाती में बदलाव ने रणनीतिक गणना को आकार दिया। किसी एक क्षेत्र ने इस अभियान का फैसला नहीं किया।

सीएम योगी बोले - बुनकरों की आय, सम्मान और स्थायित्व सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता

सभी विभाग जेम पोर्टल से ही करें खरीद, सीएम योगी ने जताई नाराजगी;बोले- लापरवाही नहीं चलेगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हथकरघा विभाग की समीक्षा बैठक कर अफसरों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हथकरघा क्षेत्र को वैल्यू चेन मॉडल पर विकसित करें। केवल उत्पादन तक सीमित न रहें।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बुनकर केवल परंपरा के संवाहक नहीं, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था के सशक्त आधार हैं। ऐसे में उनकी आय, सम्मान और आजीविका की स्थिरता सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बुनकरों के सामने कच्चे माल की बढ़ती लागत, डिजाइन और आधुनिक तकनीक का अभाव तथा सीमित बाजार पहुंच जैसी चुनौतियां हैं। इन समस्याओं का समाधान केवल योजनागत सहायता से नहीं, बल्कि एक सुदृढ़ एवं समन्वित तंत्र विकसित कर ही संभव है। मुख्यमंत्री ने इस दिशा में परिणामोन्मुख, क्लस्टर-आधारित नई कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।गुरुवार को हथकरघा विभाग की समीक्षा बैठक में अवगत कराया गया कि प्रदेश में लगभग 1.99 लाख बुनकर कार्यरत हैं और उत्तर प्रदेश इस क्षेत्र में देश में छठवें स्थान पर है। कालीन, दरी एवं मैट के उत्पादन में प्रदेश अग्रणी है, जबकि बेडशीट, फर्निशिंग और ब्लैंकेट जैसे उत्पादों में भी राज्य की मजबूत उपस्थिति है। वर्ष 2024-25 में देश का कुल हथकरघा निर्यात ?1178.93 करोड़ रहा, जिसमें उत्तर प्रदेश का योगदान ?109.40 करोड़ (लगभग 9.27 प्रतिशत) रहा।मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि

बुनकर बहुल क्षेत्रों की पहचान कर वहां क्लस्टर विकसित किए जाएं, ताकि उत्पादन, गुणवत्ता और विपणन को एकीकृत किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि ये क्लस्टर केवल उत्पादन तक सीमित न रहकर पूर्ण वैल्यू चेन के रूप में विकसित हों, जहां डिजाइन, ब्रांडिंग, पैकेजिंग और बाजार तक पहुंच एक ही ढांचे में सुनिश्चित हो। बैठक में क्लस्टर चयन, बेसलाइन सर्वे, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने, प्रभावी क्रियान्वयन तथा सतत अनुश्रवण जैसे पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक क्लस्टर में सीमित संख्या में बुनकरों को संगठित कर पंजीकृत इकाइयों के रूप में विकसित किया जाए, जिससे सामूहिक उत्पादन और विपणन को बढ़ावा मिले। साथ ही, इन क्लस्टरों को आधुनिक तकनीक, उन्नत उपकरणों और कौशल प्रशिक्षण से जोड़ा जाए, ताकि उत्पादों की गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार हो। बाजार की मांग के अनुरूप तैयार करें उत्पाद-डिजाइन और विपणन को सुदृढ़ बनाने पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्पाद की सफलता बाजार की मांग के अनुरूप होने पर ही संभव है। उन्होंने 'डिजाइनर-कम-मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव' तथा 'डिजाइन हाउस/सोर्सिंग-बाइंग एजेंसी/एक्सपोर्ट हाउस' जैसे संस्थागत तंत्र को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने पॉवरलूम बुनकरों के विद्युत बिल में कमी लाने के लिए बेहतर प्रयासों की जरूरत भी बताई। मुख्यमंत्री के निर्देश पर इस संबंध में हतकरघा विभाग और पॉवर कॉर्पोरेशन मिलकर कार्ययोजना तैयार करेंगे। मुख्यमंत्री ने सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने पर विशेष बल देते हुए कहा कि इससे बुनकरों की विद्युत लागत में कमी आएगी और उन्हें दीर्घकालिक राहत मिलेगी। उन्होंने इस दिशा में प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश का बुनकर समुदाय राज्य की समृद्ध परंपरा, रोजगार और अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। अतः ऐसी संतुलित, पारदर्शी और व्यावहारिक नीति तैयार की जाए, जिससे बुनकरों को वास्तविक राहत मिले, उद्योग को नई गति मिले और प्रदेश की पारंपरिक बुनकरी को सशक्त आधार प्राप्त हो सके। बैठक में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश की उपस्थिति रही।

कांग्रेस ने मोदी सरकार पर साधा निशाना,सलमान खुर्शीद बोले-कूटनीतिक विफलता से बढ़ी पाकिस्तान की साख

कांग्रेस ने पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच हुए संघर्षविराम के दौरान पाकिस्तान की भूमिका पर गहरी नाराजगी जताई है। पार्टी का कहना है कि मोदी सरकार की गलत विदेश नीति की वजह से भारत ने अपना प्रभाव खो दिया है,

जिससे न केवल पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूती मिली है, बल्कि भारत में महंगाई और ऊर्जा संकट भी बढ़ने का खतरा पैदा हो गया है।पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच हुए अस्थायी संघर्षविराम ने भारत की आंतरिक राजनीति में हलचल तेज कर दी है। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने इस शांति समझौते का स्वागत तो किया है, लेकिन इस पूरी प्रक्रिया में पाकिस्तान की उभरती भूमिका को लेकर मोदी सरकार को आड़े हाथों लिया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की कूटनीतिक गलतियों और पक्षपाती रवैये के कारण आज भारत इस महत्वपूर्ण चर्चा से बाहर है। वहीं, पाकिस्तान एक मुख्य मध्यस्थ के रूप में उभर कर सामने आया है।पाकिस्तान को मिला दुनिया के सामने सुधरने का मौका- खुर्शीद-कांग्रेस ने कहा कि भारत हमेशा से पश्चिम एशिया में एक भरोसेमंद मध्यस्थ की भूमिका निभाने के लिए बेहतर स्थिति में रहा है। लेकिन मोदी सरकार की चुप्पी ने पाकिस्तान को यह मौका दे दिया कि वह अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत की मेज सजा सके। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने कहा कि यह भारत की कूटनीति के लिए एक बड़ा झटका है। वर्षों से हम पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मंच पर अलग-थलग करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन अब उसे अपनी छवि सुधारने का मौका मिल गया है। अब पाकिस्तान खुद को एक शांति दूत के रूप में पेश कर रहा है, जो भारत की सुरक्षा के लिए ठीक नहीं है।भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर असर- कांग्रेस ने आरोप लगाया कि विचारधारा आधारित विदेश नीति की वजह से आज देश को भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। पश्चिम एशिया में अस्थिरता के कारण भारत में रसोई गैस, उर्वरक और अन्य जरूरी चीजों की किल्लत होने लगी है। इसके अलावा, वहां रहने वाले लाखों भारतीय प्रवासियों की सुरक्षा और उनकी नौकरियों पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। कांग्रेस ने मांग की है कि सरकार को इस संवेदनशील मुद्दे पर विपक्ष को भरोसे में लेना चाहिए और एक राष्ट्रीय दृष्टिकोण अपनाना चाहिए, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की ऐतिहासिक साख को फिर से बहाल किया जा सके। क्या है मामला?- हाल ही में अमेरिका, इस्राइल और ईरान के बीच दो हफ्ते के संघर्षविराम की घोषणा हुई है। चौंकाने वाली बात यह है कि इस समझौते की शुरुआती बातचीत के लिए पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद को चुना गया है। तीनों देशों के प्रतिनिधि पाकिस्तान में इस मुद्दे पर बातचीत करेंगे। अब देखना होगा कि पश्चिम एशिया में तनाव कब कम होता है।

संपादकीय Editorial

A City of Sin

While we may continue to find fault with the Chester Hill project, blaming the political, bureaucratic, and institutional circles, the truth is that everyone is blatantly exploiting the mountain. The latest example is the Chester Hill project in Solan. Several administrative officials were left red-faced following a lawyer's complaint, raising numerous questions about the entire project. Now, will the investigation be the target, or will the truth ever be revealed about how much "goods" have been sold in the new settlements? For years, a perennial accusation has been circulating: the entire state is being sold for Himachal's newfound wealth. While the gates may appear closed under the aegis of Section 118, or information and investigations may be distributed under the guise of principles, the truth is that every branch of development is rife with trouble. That's why, when a discussion took place at Dharamshala Central University regarding the Kangra earthquake, renowned geologist and Padmashree Dr. Harsh Gupta had to say that the multi-story buildings of Shimla and McLeodganj were shrouded in shrouds. From Parwanoo to Shimla and near Chester Hill, measurements are being taken with lethal force. Now, Himachal is hanging in the ecological arms of Zone 6, somewhere beyond Seismic Zone 5. And many villains have emerged in this endless cycle of problems. This law is being sought between land and debate, whereas justice should be between need and life. Beyond what happened in the Chester Hill project, how the land was sold, what the geological study reveals, or at what levels of corruption occurred, another solution is that Himachal has no place to live, and life needs a home. Even if a hundred more such projects emerge, there will be no shortage of buyers, but in every incarnation, there will be someone to blame. Now, who is responsible for this investigation or who is responsible? We heard about it even when several private universities opened in Solan district, and now, within an average kilometer of four-lane roads, malls have sprung up on the hillside. We complain neither about the geographical conditions nor about the law's restraint. Land is being sold to fund the wealth flowing into Himachal. So, who is flouting the TCP Act, enacted five decades ago? And this isn't just about Chester Hill; entering Shimla, McLeodganj, Kasauli, Dalhousie, or any other city, you'll see the floors, dishonored and cursed, utterly utterly. Therefore, the TCP Act should be implemented across the entire state, and in its spirit, land pooling, approval for new structures, and permission for scientific settlement should be allowed. While development is occurring lopsidedly, the government's practice of circumventing the permit process has led to the emergence of many back alleys. This same Chor Gali was facilitating the union of Chester Hills with the Shimla system. But today, if the BJP has anything to say, all the dead bodies curse its governments. This has become the city of Kajal, it was stolen from my eyes. If Himachal's per capita income increases, it will be demonstrated. And this game of demand and supply is making Himachalis the buyers of 60% of the properties around Chandigarh. So what has the state's Himuda been doing? The punishment for not establishing a single township or satellite city since independence is that every hill is being cut, and the banks of ravines, rivers, and canals have shrunk. Nearly 15 years ago, in a Himuda demand survey, nearly 75,000 people deposited fees and expressed their desire to establish some towns or settlements, offering them safe and regulatory-compliant housing options, but nothing happened.

The other side: Do you want iron or forests? How did the deforestation in Kaladhungi stop?

The intervention of Kumaon Commissioner Henry Ramsay halted the deforestation, forcing the Kumaon Iron Box Company to close its operations. A second iron foundry was established in Kaladhungi, a town in Nainital, and became part of the Kumaon Iron Works Company in 1861. The foundries began to harvest oak trees for fuel and sal trees for railway sleepers. Henry Ramsay wrote to the government, warning that the establishment of an iron industry in the Terai Bhabar region would deplete the forests. Kaladhungi is a small town 35 kilometers from the Nainital district headquarters. The stone in the mountains is called dhunga. The Kaladhungi region is rich in "black stone," which became the town's trademark. This is why it was named "Kaladhungi." Kaladhungi is a significant place not only for its natural beauty but also for its industrial and environmental history. Very few people know that the country's second iron foundry was also established in the Kaladhungi region. In 1860, the country's first iron foundry was established in the Daichori region of Kumaon, while the second was in Kaladhungi. In 1861, this foundry merged with the Davis Company to form the Kumaon Iron Works Company. Subsequently, a total of eight foundries were established in various locations. Iron was smelted here to produce iron. The black rock found here was rich in iron ore, which was also used to make cast iron. The foundries began to extensively cut oak trees for fuel and sal trees for railway sleepers, severely impacting the environment. To operate the foundries, the British government granted permission to cut down approximately 35 kilometers of forest from the Dabka River to the Bhakra River in Nainital district. At that time, environmental concerns were largely ignored. At that time, the then Kumaon Commissioner, Henry Ramsay, expressed concern for the environment and banned tree felling. This affected the iron ore industry. Ultimately, in 1876, the Kumaon Iron Box Company was forced to close its operations. According to historian Dr. Ajay Singh Rawat, the first forest law in the country was implemented in 1878, but the then Kumaon Commissioner, Henry Ramsay, had initiated local forest management as early as 1854. Henry Ramsay wrote to the government, warning that the iron industry in the Terai Bhabar region would destroy the forests and adversely affect the environment. He even wrote that the trees already cut should not be removed, as this would harm biodiversity. Today, this area has survived thanks to Henry Ramsay, who later made it his field of work for Jim Corbett. Now, the District Tourism Department has developed a project to ensure that tourists visiting Corbett and Sitabani can access this historical heritage. The Forest Department will construct an approach road and gates to access it. This is part of the Corbett Trail. - Prem Pratap Singh

Who will the tea garden workers support in the Assam elections?

The approximately 3.5 million tea garden workers spread across nine districts in eastern and northern Assam hold a decisive position in 35 of the state's 126 seats. This is why the BJP government has suddenly shown sympathy for the workers ahead of the elections. Who will the tea garden workers support in the Assam Assembly elections on April 9th? This is the question being asked in political circles just before the voting. This is because their votes are decisive in at least 35 seats. The path to power lies through these gardens. Recognizing the importance of the plantation workers, both contenders for power, the BJP and the Congress, are making tempting promises to woo them. During his last visit to Assam, Prime Minister Narendra Modi plucked leaves alongside the workers and witnessed their traditional tribal dance. Congress leader Priyanka Gandhi and Jharkhand Chief Minister Hemant Soren have also visited the tea gardens, highlighting their importance. But what are these workers thinking? The state BJP government has launched several schemes for tea garden workers and claims to provide them with land leases. However, many workers are frustrated by the lack of housing. They are not even receiving monthly assistance under the state government's Arunodaya Yojana. Sumitra Oraon, a worker at the Cinnamara tea garden, which is run by the Assam Tea Corporation, explains that she is not receiving money under the Arunodaya Yojana. Not only is there a shortage of drinking water in the area, but they are also forced to live in mud houses. Although many workers have received houses under the Pradhan Mantri Awas Yojana, not all have received them yet. The approximately 3.5 million workers in these tea gardens, spread across nine districts in eastern and northern Assam, hold a decisive position in 35 of the state's 126 seats. This is why the BJP government has suddenly shown sympathy for the workers before the elections. The government has provided financial assistance of Rs. 5,000 each to the plantation workers and also increased their daily wages by Rs. 30. Now, in the plantations of the Brahmaputra Valley, this amount has risen to 280 rupees per day. This time, the BJP has promised to increase this amount to 500 rupees in the next five years. However, workers are still angry that the party has not yet fulfilled a promise made before the 2014 elections: Scheduled Tribe status for these workers. The party has made this promise in almost every election. However, Chief Minister Himanta Biswa Sarma says that the BJP government has done more for plantation workers in ten years than the Congress did in six decades. He alleges that the Congress has merely been using them as a vote bank. The Chief Minister claims that the government is seriously negotiating with the central government to grant these workers Scheduled Tribe status. However, the workers say that only after receiving Scheduled Tribe status can their existence as tribals be secured. They question why it is taking more than 12 years for this, even though the BJP is in power at the center? Assam has more than 850 tea gardens from Dibrugarh to Jorhat. In the 2016 and 2021 assembly elections, BJP candidates won most of the seats in this region. On the first of this month, the Prime Minister visited the Manohari tea garden near Dibrugarh, picked leaves, and interacted with workers. Shortly thereafter, Priyanka Gandhi addressed a rally at a tea garden in Nazira. On April 2, Rahul Gandhi and Gaurav Gogoi also held a rally at a tea garden in Titabor. The BJP is prominently promoting its welfare schemes launched in these areas over the past decade. It claims that these schemes have improved the living standards of plantation workers compared to before. However, the Congress claims that these schemes have not changed the situation on the ground. Plantation workers still face numerous problems. In its manifesto, the party has promised to grant Scheduled Tribe status to plantation workers, increase minimum wages, and take concrete steps towards improving the industry through new schemes. BJP leaders say that the party is focusing on tea gardens, anticipating the possibility of Muslim voters in lower and central Assam voting for the Congress this time due to the anti-encroachment drive and religious polarization. Meanwhile, the Congress party questions why the BJP has failed to fulfill its promise of granting Scheduled Tribe status to plantation workers. Party leader Gaurav Gogoi alleges that there is a severe shortage of drinking water, schools, and health centers in the tea gardens. During the BJP government's tenure, many plantations have closed, and incidents of violence against women living there have increased. However, political analysts say that the workers' demand for Scheduled Tribe status is a long-standing one. Despite being in power until 2016, the Congress party did not take any concrete steps on this issue. Consequently, the workers are unlikely to support the party this time.

Assembly Elections: Cash freebies for women could prove decisive

Of the five states where elections are being held, with the exception of the Union Territory of Puducherry, political parties' manifestos and election strategies in the remaining four appear to revolve around cash freebies. Voting for three of the five states' assembly elections, Puducherry, Assam, and Kerala, is scheduled for April 9th. Speculation is rife about which issue will influence voters? Which factor could be a game-changer? What magic wand could bring about a change in power or a return to power? A deeper look reveals that other issues aside, cash freebies aside. In recent years, ruling parties have found this formula, making it increasingly difficult for opposition parties to overthrow any ruling party in the states. This "rewadi" culture has also been designed with women in mind, who constitute nearly half of the total voters and whose support can either return a party to power or remove it from power. In this decade, it was first initiated by Mamata Banerjee in the 2021 West Bengal elections with a scheme called "Lakshmir Bhandar," under which every woman was given Rs. 500 per month. West Bengal and Women Voters - Since then, the women of Bengal have largely stood by Mamata Didi. This amount is increased by Rs. 500 in every election. Now it is Rs. 1,500, and SC/ST voters receive Rs. 1,700 per month. Nearly 25 million women voters in the state are benefiting from this. Sensing the electoral power of this cash "rewadi," the main opposition party, the BJP, has made an election promise to increase the amount to Rs. 3,000 per month if it comes to power. The results will reveal the impact this will have on the women of the state. This guaranteed solution was initiated by Mamata Didi, but in 2023, Mama Shivraj Singh Chouhan gave it a systematic shape in Madhya Pradesh. As a result, the BJP returned to power in Madhya Pradesh for the fifth time with a landslide majority, and governments in other states also embraced this cash solution. This means that since 2021, a total of 15 state assembly elections have been held in the country, with ruling parties returning to power in six. The difference is certainly in the names and amounts of these schemes, but the method of payment remains the same: direct online transfer to accounts. For poor and lower-class women, this seemingly small amount holds immense significance. This amount plays a decisive role in determining their voting preferences. Ideology, other amenities, and development are secondary to this. Even a few pennies for pocket expenses, without any effort, is like receiving God's blessing. In recent assembly elections.

हत्यारों के एनकाउंटर की मांग: पिता-पुत्र के शव देखते ही भड़का जनाक्रोश ,जाम लगाकर किया हंगामा

धनारी थाना क्षेत्र के गांव भिरावटी मझरा मलुआ घेर निवासी पिकअप चालक नरेश कुमार और उनके बेटे भीमसेन की हत्या के बाद जैसे ही शामली से दोनों के शव गांव पहुंचे तो ऐसा आक्रोश भड़का कि दोनों के शव सड़क पर रखकर भारी भीड़ ने जाम लगाकर हंगामा खड़ा कर दिया। हत्या करने वालों का एनकाउंटर करने के साथ ही परिवार को शवों के अंतिम संस्कार से पहले 50 लाख मुआवजा सहित कई मांगें रखी गईं। घंटों बाद भी जाम नहीं खुला तो प्रभारी पुलिस अधीक्षक व अपर जिलाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर भीड़ को आश्वासन दिया। इसके बाद शव गांव पहुंचे, परिवार में चीख-पुकार मच गई। लोग बरामद होने के बाद बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने राजकीय इंटर कॉलेज अंतिम संस्कार के लिए शवों को ले जाए जा रहे थे, तभी जाम से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग के सामने दोनों शवों को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने प्रशासन के सामने शवों का अंतिम गई और यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। जाम लगाकर देने के साथ ही एक पक्का आवास, परिवार के एक सदस्य संस्कार होने से पहले परिवार को 50 लाख रुपये मुआवजा और एनकाउंटर की मांग रखी। ग्रामीणों का कहना था कि को सरकारी नौकरी तथा सभी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी खोला जाएगा। जाम की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, तब तक जाम नहीं में हड़कंप मच गया। मौके पर चार थानों की पुलिस के साथ

ही पीएसी व आरआरएफ के जवानों को तैनात किया गया। प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंचे और परिजनों को समझाने का प्रयास किया। अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद देने, आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और मामले का शीघ्र खुलासा करने का आश्वासन दिया। इसके बाद भी भीड़ जाम खोलने के लिए तैयार नहीं हुई तो कार्यवाहक पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह व अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा खुद मौके पर पहुंचे। सपा विधायक आंदोलन में रहे मौजूद- सपा के विधायक रामखिलाड़ी यादव भी आंदोलन के दौरान मौजूद थे। दोनों अधिकारियों ने परिवार के लोगों की बात सुनकर इंसाफ और हर संभव मदद को भरोसा दिलाया। दोनों अधिकारियों के आश्वासन पर परिजन शांत हुए और जाम खोल दिया गया। इसके बाद शवों को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया। घटना के बाद गांव में शोक और गुस्से का माहौल बना हुआ है, वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। सपा विधायक राम खिलाड़ी सिंह यादव ने पीड़ित परिवार को एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। गला दबाकर की गई पिता पुत्र की हत्या- ,पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार पिता-पुत्र की हत्या गला दबाकर की गई थी। वहीं दोनों हाथ बंधे होने की भी पुष्टि हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने वाहन लूटने के उद्देश्य से दोनों का अपहरण कर हत्या की। इस प्रकरण में पुलिस ने सोमवार रात को बदायूं के दातागंज कस्बे से एक आरोपी को गिरफ्तार किया था। उसी की निशानदेही से पुलिस ने दोनों शव बरामद किए। पुलिस घटना में शामिल दो अन्य आरोपियों को तलाश कर रही है। पकड़े गए बदमाश ने बताया कि उन लोगों ने सात हजार रुपये में वाहन बुक किया था। पिता-पुत्र का हत्यारोपी बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार, दो साथी फरार- पिकअप लूटने के बाद पिता-पुत्र की हत्या कर शव शामली में फेंकने की सनसनीखेज वारदात में शामिल तीन में से एक बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में बदमाश के पैर में गोली लगी है, जबकि घटना में शामिल दो आरोपी अभी फरार हैं। लूटी गई पिकअप भी बरामद नहीं हो सकी है।धनारी थाना क्षेत्र के भिरावटी मलुआ मझरा निवासी नरेश अपने बेटे भीमसेन के साथ 2 अप्रैल की शाम अमावती की साप्ताहिक बाजार से पिकअप लेकर मेरठ के लिए बुकिंग पर निकले थे। रात करीब 10 बजे गढ़ टोल प्लाजा पर परिजनों से उनकी आखिरी बार बात हुई, जिसके बाद दोनों के मोबाइल बंद हो गए। करीब छह दिन बाद शामली पुलिस ने दोनों के शव गन्ने के खेत से बरामद किए। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल एक आरोपी मनोज निवासी चिंजरी, थाना मूसाझाग, जनपद बदायूं को धनारी क्षेत्र में घेर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह के अनुसार, आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस ने गोली चलाई। गोली लगने से आरोपी घायल हो गया और उसे तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, इस वारदात में मनोज के अलावा अरविंद और संतोष निवासी रझेड़ा सलेमपुर, थाना कैलादेवी, जनपद संभल भी शामिल हैं। दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी और लूटी गई पिकअप की बरामदगी के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया है।

कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति शुरू होने से राहत

कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति शुरू होने से रेस्टारेंट, होटल और ढाबा संचालकों की टेंशन कम हो गई है। पिछले महीने आपूर्ति बाधित होने से कई जगह वैकल्पिक प्रबंध किए गए थे, जिससे खाने की थाली पर महंगाई की मार पड़नी शुरू हो गई थी। अब पेट्रोलियम कंपनियों की ओर से कॉमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति शुरू कराने के बाद उनकी मुश्किल थोड़ी कम हो गई है। वहीं, अमेरिका-इजरायल-ईरान के बीच तात्कालिक युद्ध विराम और होर्मुज खुलने से धीरे-धीरे आपूर्ति सामान्य होने की उम्मीद जग गई है। अमेरिका-इजरायल-ईरान के बीच युद्ध का असर कुछ दिनों में ही दिखने लगा था। जिसका सबसे पहले असर पेट्रोलियम पदार्थों पर पड़ा। रसोई गैस सिलेंडर बुकिंग का सरकार ने नियम बदलकर शहर में 25 और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन कर दिया। इससे लोगों की मुश्किलें बढ़ने लगीं। सिलेंडर पाने के लिए मारामारी शुरू हो गई। होटलों और रेस्टोरेंटों को कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति बाधित कर दी गई, जिससे इनके संचालकों के चेहरे पर चिंता की लकीरें गहरी हो गईं। औद्योगिक इकाइयों में भी काम पर असर पड़ा,

जिससे निर्यातकों की नींद उड़ गई। अब कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति में ढील के बाद होटल और रेस्टोरेंट संचालकों की टेंशन कम हो गई। शहर के होटल संचालकों का कहना है कि इससे तात्कालिक तौर पर राहत मिलनी तय है।जिलापूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि अब कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति शुरू कराई जा रही है। घरेलू गैस सिलेंडर का कोई संकट नहीं है। एजेंसियों पर बैकलॉग भी नहीं है। तात्कालिक वैश्विक परिस्थितियों से राहत मिलेगी। फिर भी गैस सिलेंडर व अन्य पेट्रोलियम पदार्थों की कृत्रिम किल्लत उत्पन्न करने वालों पर सख्ती की जाएगी।

दो दिन से हो रही बारिश ने किसानों की बढ़ाई चिंता, गेहूं की फसल पर मंडराया संकट

मौसम के रंग से सभी दंग, कुछ हिस्सों में तेज बारिश, अधिकांश सूखे

जिले में मौसम का मिजाज लगातार बिगड़ने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। मंगलवार को हुई बारिश के बाद बुधवार को भी दोपहर में अचानक मौसम ने करवट ली और घने बादलों के साथ फिर से बारिश शुरू हो गई। लगातार दूसरे दिन हुई बारिश से खेतों में खड़ी और कटी पड़ी गेहूं की फसल को भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है। मंगलवार को हुई बारिश के बाद किसान सुबह से ही खेतों में भीगी गेहूं की फसल को सुखाने में जुटे हुए थे। कई किसान फसल को पलट-पलट कर धूप में सुखाने की कोशिश कर रहे थे, ताकि नुकसान कम से कम हो सके। लेकिन दोपहर बाद अचानक मौसम बदलने और फिर से बारिश शुरू होने से किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया। बारिश के चलते जनपद में गेहूं की कटाई, मड़ाई और मंडियों तक फसल की निकासी का काम भी पूरी तरह प्रभावित हो गया है। कई जगह खेतों में पानी भरने से फसल खराब होने का खतरा और बढ़ गया है। किसान अपनी उपज को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने में भी असमर्थ नजर आ रहे हैं। किसानों का कहना है कि अगर केवल एक दिन की बारिश होती तो स्थिति संभाली जा सकती थी, लेकिन लगातार दूसरे दिन हुई बारिश से नुकसान की आशंका कई गुना बढ़ गई है। उनका कहना है कि अब गेहूं में नमी बढ़ने से दाने की गुणवत्ता प्रभावित होगी और दाना काला पड़ने का खतरा भी बढ़ गया है। किसानों ने आशंका जताई कि यदि गुरुवार और उसके बाद भी मौसम इसी तरह बना रहा, तो गेहूं की फसल को भारी नुकसान झेलना पड़ेगा। किसान मौसम साफ होने की उम्मीद के साथ अपनी फसल को बचाने के प्रयास में

जुटे हैं, लेकिन लगातार बदलते मौसम ने उनकी चिंता और परेशानी दोनों बढ़ा दी हैं। पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम का रंग हर दिन बदल रहा है। मंगलवार को आई तेज आंधी व बारिश में जहां मानसरोवर सहित कई अन्य मोहल्ले में कई पेड़ और उसकी टहनियां टूटकर कार और ई रिक्शा पर गई, जिससे अफरा-तफरी मची। वहीं बुधवार को शहर में ही इसके कई रंग दिखे। सुबह से बादल व हल्की बूंदाबांदी के बाद फिर कुछ हिस्सों में दोपहर तक बारिश हुई तो शहर के अधिकांश हिस्से सूखे रहे। वहां चटख धूप के साथ धूल उड़ रही थी। बारिश ने फसलों को भी नुकसान पहुंचाया है।पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम असंतुलित हो रहा है। कभी दो दिन तेज धूप तो फिर दो दिन हल्की बारिश। मंगलवार की शाम तेज आंधी और बारिश से जहां मानसरोवर कॉलोनी क्षेत्र में कार व ई-रिक्शा पर पेड़ व उसकी टहनियां टूट कर गिरने से अफरा तफरी मच गई थी। वहीं, बुधवार को इसका अलग रंग दिखा। कांठ रोड व आशियाना क्षेत्र में सुबह से घना बादल छाया था। सुबह नौ बजे के बाद बूंदाबांदी शुरू हुई और फिर दोपहर तक तेज बारिश हुई, जिससे इन क्षेत्रों में लोग बारिश में भीगकर अपने कार्यस्थल पर आए गए और स्कूल से लौटने पर बच्चे भी भीगे। आशियाना फेज एक और दो में बारिश के चलते नाला उफान पर होने से पानी सड़कों पर बहा। वहीं सड़क के गड्ढों में अभी भी पानी भरा है। इसमें हिचकोले खाते हुए वाहन गुजर रहे हैं। वहीं कांठ रोड, आशियाना, रामगंगा विहार में बारिश से लोग परेशान हुए, जबकि खुशहालपुर, बुद्धि विहार, दिल्ली रोड क्षेत्रों में एक बूंद भी पानी नहीं बरसा। यहां सड़कें सूखी थीं और तेज हवा से धूल उड़ रही थी। बारिश वाले क्षेत्रों से भीगकर दूसरी जगहों पर पहुंचने पर वहां के लोग हैरत से देख रहे थे। वहीं पश्चिमी विक्षोभ के चलते 10 अप्रैल तक उतार-चढ़ाव का अनुमान मौसम विभाग ने जताया है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से बताया गया कि बारिश से फसलों को हुई नुकसान का आकलन मुख्यमंत्री के निर्देश पर कराया जा रहा है।बारिश से लुढ़का तापमान- दो दिन की बारिश के चलते बुधवार को तापमान भी लुढ़का। अधिकतम तापमान 29.4 और न्यूनतम 19 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। गुरुवार को इसमें एक-एक डिग्री बढ़ने का अनुमान जताया गया है। जबकि अगले कुछ दिन अब चटख धूप भी निकल सकती है। 24 घंटे में हुई जिले में 44 मिलीमीटर बारिश मंगलवार से बुधवार सुबह तक 24 घंटे में जिले के सभी तहसीलों को मिलाकर 44 मिलीमीटर बारिश हुई। इसमें सर्वाधिक 16.5 मिलीमीटर सदर तहसील क्षेत्र में बारिश रिकॉर्ड किया गया। यह है तहसीलवार बारिश की स्थिति तहसील बारिश (मिलीमीटर में) सदर 16.5 बिलारी 8.0 कांठ 7.5 ठाकुरद्वारा 12.0 कुल वर्षा 44.0 मिलीमीटर औसत बारिश 11.0 मिलीमीटर पेज दो की लीड के साथ ═ बारिश और तेज हवा से गिर गईं लियांकिसानों के माथे पर फसल नुकसान की चिंता- पिछले सप्ताह के बाद अब इस हफ्ते भी हो रही बारिश व आंधी से गेहूं की फसल बुरी तरह प्रभावित हो गई है। खेतों में खड़ी फसल गिर गई है तो कई जगह काट कर रखे गए गेहूं की गांठें पानी से भीग गई हैं, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। हालांकि मुख्यमंत्री के निर्देश पर फसलों के नुकसान का आकलन कराया जा रहा है।मौसम की मार से अन्नदाता भी प्रभावित हैं। मौसम बदलने पर तेज आंधी और बारिश से गेहूं की फसल पर विपरीत असर पड़ रहा है। अधिकांश किसानों की गेहूं की फसल खेत में खड़ी है या फिर कटाई कर उसकी गांठें बांधकर खेतों में सुखाने के लिए रखी गई थी। सूखने की कौन कहे बारिश ने उसे बुरी तरह भिगो दिया। ऐसे में इस उपज की कीमत न तो सरकारी क्रय केंद्रों पर उचित मिलेगी और न ही खुले बाजार में व्यापारी मंहगा रेट लगाएंगे। इससे किसानों को नुकसान होना तय है। हालांकि जिला प्रशासन का कहना है कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर आंधी बारिश से फसलों के नुकसान का आकलन कराया जा रहा है।

संक्षिप्त समाचार

सीज फायर से मिले अवसर से निर्यातक उत्साहित, कालाबाजारी पर लगेगा अंकुश

अमेरिका-इजराइल-ईरान के बीच चल रहे युद्ध में तात्कालिक सीज फायर से मिले अवसर से हस्तशिल्पी और हैंडीक्राफ्ट उद्योग से जुड़े निर्यातक उत्साहित हैं। पहले ट्रंप टैरिफ की मार झेलने के बाद अमेरिका-इजराइल-ईरान के बीच युद्ध से परिस्थितियों पर काफी असर पड़ा। युद्ध के चलते ईंधन की किल्लत और उसके चलते उत्पादों की बढ़ी कीमतों से बेजार हो रहे बाजार को अब बूम की उम्मीद जगी है। ईपीसीएच हाउस में बुधवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए ईपीसीएच के चेयरमैन डॉ. नीरज विनोद खन्ना ने कहा कि सीज फायर का निश्चित रूप से लाभ मिलेगा। इस दौरान जो सामान डंप पड़े थे उसकी बिक्री को गति मिलेगी और कालाबाजारी पर अंकुश लगेगा। उन्होंने बताया कि टैरिफ वार की चुनौतियों से निपटने के साथ ही नये बाजार आस्ट्रेलिया, यूके, इटली व अन्य देशों से व्यापारिक रिश्तों को बढ़ाकर उसे मजबूती दी गई। उन्होंने बताया कि जयपुर और जोधपुर में टेस्टिंग लैब स्थापित कराई है, इसका जल्द उद्घाटन कराया जाएगा। ईपीसीएच का मुख्य उद्देश्य भारत के हस्तशिल्प सेक्टर को दुनिया का सबसे पसंदीदा सोर्सिंग डेस्टीनेशन बनाना है। बताया कि पिछले साल 2 जून को उन्होंने ईपीसीएच के चेयरमैन पद का चार्ज लिया था। चुनौतियों को स्वीकार कर आगे कदम बढ़ाया। बताया कि फरवरी फेयर में जगह बढ़ाकर निर्यातकों को अवसर दिया गया। इस बार इसमें एजूकेशनल वर्कशॉप शुरू कराया। नयी पीढ़ी को निर्यात इंडस्ट्री में अवसर प्रदान करने का ईपीसीएच मजबूत प्लेटफार्म बनकर उभरा है। इस भवन में कैश एंड कैरी सेंटर खुलना कारोबारियों के लिए बेहतर मौका है। यहां मुरादाबाद के हस्तशिल्पियों के उत्पाद और हस्तशिल्प के बेहतरीन नमूना प्रदर्शित हैं। खरीदारों को अत्याधुनिक सुविधाएं दी जा रही हैं। इसमें कैफे भी संचालित किया जा रहा है। बताया कि जल्द ही ऑडिटोरियम बनेगा और निर्यातकों और आर्टीजन के साथ ही वरिष्ठ नागरिकों को विशेष रियायत दी जाएगी। कामर्स सेक्टर की प्रदर्शनी लगाई जा सकेगी। इस दौरान नेशनल चेयरमैन यस जेपी सिंह, रोहित ढल, सुशील अग्रवाल पुनीत आर्य, कुलाल दवे, विवेक अग्रवाल, गगन दुग्गल सहित अन्य निर्यातक मौजूद रहे।आपदा में निर्यातकों का पूरा सहयोग- ईपीसीएच के सीओएस सदस्य व मुख्य संयोजक अवधेश अग्रवाल ने आगामी योजनाओं को बेहतर करने की प्रतिबद्धता जताई। कहा ईपीसीएच आपदा में निर्यातकों के साथ पूरा सहयोग करती है। चुनौतियों में सभी निर्यातक एकजुटता के साथ खड़े हैं। आगामी अक्टूबर फेयर में 30 प्रतिशत बायर अधिक आएंगे। नजलूम इस्लाम, नावेद उर रहमान ने कहा कि ईपीसीएच के फेयर में पूरे भारत की सहभागिता होती है। सलमान आजम और रोहित ढल ने ईपीसीएच के सामूहिक प्रयासों की सराहना की। सीओएस सदस्य रश्मि दुग्गल ने कहा कि महिलाओं को ईपीसीएच के प्लेटफार्म से जोड़ने के लिए प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

वॉर खत्म मगर शंका बरकरार...इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर की मांग में आया उछाल

अमेरिका-ईरान-इजरायल तनाव के चलते पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि की आशंका के चलते शहर में इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर (ईवी) की मांग तेजी से बढ़ गई है। हालात यह है कि जो ग्राहक पहले पेट्रोल से चलने वाली दोपहिया गाड़ियां खरीदने की योजना बना रहे थे, वे अब इलेक्ट्रिक विकल्पों की ओर रुख कर रहे हैं। ऑटोमोबाइल बाजार से जुड़े व्यापारियों के अनुसार पिछले दो सप्ताह में इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर की बिक्री में 15 से 20 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। हीरो, बजाज, टीवीएस और ऐथर जैसी कंपनियों के शोरूम में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ी है। कांठ रोड स्थित दोपहिया शोरूम की प्रबंधक सीमा शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में प्रतिदिन दो से तीन इलेक्ट्रिक स्कूटर की डिलीवरी हो रही है, जबकि 20 से 25 ग्राहक रोजाना जानकारी लेने के लिए पहुंच रहे हैं।वहीं, दिल्ली रोड स्थित अन्य शोरूम की संचालक दीप्ति वार्ष्णेय का कहना है कि अंतर्राष्ट्रीय हालात का सीधा असर पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर पड़ सकता है। ऐसे में ग्राहक भविष्य के खर्चों को ध्यान में रखते हुए ईवी को प्राथमिकता दे रहे हैं। बताया कि वित्तीय वर्ष के समापन के चलते कंपनियां स्टॉक खत्म करने के लिए आकर्षक ऑफर दे रही हैं, जिससे बिक्री को और बढ़ावा मिल रहा है। जिले भर में पिछले 10 दिनों के भीतर 150 से अधिक इलेक्ट्रिक स्कूटी की बिक्री हो चुकी है, जो इस बढ़ते रुझान को दर्शाता है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

इंसानियत शर्मसार! बिथरी चैनपुर में गर्भवती गाय की हत्या से उबाल, पुलिस ने शुरू की जांच

क्यूँ न लिखूँ सच/शेर सिंह/ बरेली के थाना बिथरी चैनपुर क्षेत्र में गर्भवती गाय की निर्मम हत्या के मामले ने तूल पकड़ लिया है। सोशल मीडिया पर मामला उछलने और संगठनों के दबाव के बाद आखिरकार पुलिस को कार्रवाई करनी पड़ी और अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। यह स्नद्धक्र रवि पुत्र रूम सिंह की तहरीर पर लिखी गई है, जिससे पूरे क्षेत्र में इस घटना को लेकर गंभीरता और बढ़ गई है।भाला

मारकर की गई थी निर्मम हत्या स्नद्धक्र में दर्ज विवरण के मुताबिक, 7 अप्रैल 2026 को होली चौक के पास एक गर्भवती गाय पर अज्ञात व्यक्ति ने भाला से हमला कर दिया। यह हमला इतना गंभीर था कि गाय बुरी तरह घायल हो गई और कुछ समय बाद उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और इस अमानवीय कृत्य को देखकर आक्रोशित हो उठे। बाद में स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों की मदद से गाय का अंतिम संस्कार किया गया, लेकिन घटना ने इलाके में गहरी नाराजगी पैदा कर दी।

DM का जिला अस्पताल में अचानक छापा , मचा हड़कंप !

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। गुरुवार को जिला अस्पताल में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने अचानक औचक निरीक्षण कर दिया। बिना किसी पूर्व सूचना के पहुंचे डीएम ने अस्पताल की व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत को परखा।निरीक्षण के दौरान डीएम ने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सकीय व्यवस्थाओं और साफ-सफाई की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने अलग-अलग वार्डों, ओपीडी, इमरजेंसी कक्ष और दवा वितरण केंद्र का निरीक्षण करते हुए मरीजों को मिल रही सुविधाओं की गुणवत्ता को जांचा।इस दौरान डीएम ने अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों और कर्मचारियों की उपस्थिति भी चेक की। वहीं मरीजों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याएं और सुझाव भी सुने, जिससे वास्तविक स्थिति सामने आ सके।निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को सख्त निर्देश दिए कि अस्पताल में साफ-सफाई की व्यवस्था और बेहतर बनाई जाए, जरूरी दवाओं की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित की जाए और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाया जाए।साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि अस्पताल में कार्यरत सभी कर्मचारियों को पहचान पत्र जारी किए जाएं, ताकि आम जनता को उन्हें पहचानने में कोई परेशानी न हो।

प्रबंधन विभाग का तीन दिवसीय मैनेजमेंट फेस्ट हुआ सम्पन्न , फैशन शो बना आकर्षण का केन्द्र

एड मेड शो, फैशन शो और विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्रों ने दिखाया हुनर

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय के बीबीए विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय मैनेजमेंट फेस्ट का भव्य समापन समारोह उत्साह और उमंग के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंधन एवं अतिथियों ने छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे आयोजनों की महत्ता पर प्रकाश डाला। बीबीए विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम समन्वयक निशा परवीन ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

तीन दिवसीय इस फेस्ट के अंतिम दिन एड मेड शो और फैशन शो प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। फैशन शो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा, जिसने सभी का मन मोह लिया।

इसके साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे बिजनेस क्विज, रील मेकिंग, नेल आर्ट, हैंड पेंटिंग, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट एवं उद्यमिता स्टॉल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार

देकर सम्मानित किया गया। फैशन शो के कॉर्पोरेट और एथेनिक सेक्शन में छात्र-छात्राओं ने आत्मविश्वास और आकर्षक प्रस्तुति से दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी।समापन अवसर पर महाविद्यालय के अध्यक्ष एवं निदेशक ने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी प्रायोजकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

बदलते मौसम में फसलों पर कीट व रोग का खतरा बढ़ा

क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार / पीलीभीत । जनपद में मौसम में हो रहे बदलाव, हल्की बारिश और बढ़ती नमी के कारण आम, लीची और सब्जी फसलों पर कीट व रोगों का खतरा बढ़ गया है। उद्यान विभाग ने किसानों को सतर्क रहने और समय पर बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी है। अधिकारियों के अनुसार, आम की फसल में इस समय मिलीबग, भुनगा और थ्रिप्स

जैसे कीट नुकसान पहुंचा सकते हैं। वहीं एन्थ्रेक्नोज रोग का भी प्रकोप बढ़ने की आशंका है। लीची में फल बनने के समय विशेष देखभाल की जरूरत बताई गई है, क्योंकि इस दौरान फल झड़ने की समस्या अधिक रहती है। टमाटर और कद्दूवर्गीय फसलों में भी झुलसा व फफूंदजनित रोग फैल सकते हैं। ऐसे में किसानों को नियमित निगरानी, उचित दवा का छिड़काव और जलभराव से बचाव करने की सलाह दी गई है। उद्यान विभाग ने कहा है कि किसान कीटनाशकों का प्रयोग करते समय सावधानी बरतें और जरूरत पड़ने पर संबंधित विभाग से संपर्क करें।

डीएम ने जिला पूर्ति विभाग में किया औचक निरीक्षण , प्रशासनिक सख्ती का असर अब जमीनी स्तर पर दिखने लगा

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। जिलाअधिकारी अविनाश सिंह ने गुरुवार को जिला पूर्ति कार्यालय का औचक निरीक्षण किया, जिससे कार्यालय में हड़कंप मच गया। जिला अधिकारी ने सबसे पहले कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका की जांच की और कार्यालय की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। साथ ही साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाए रखने के निर्देश भी दिए। इस दौरान पूर्ति विभाग के बाहर खड़े जरूरतमंद लोगों पर जिला अधिकारी की नजर पड़ी, जो गैस सिलेंडर के लिए कार्यालय पहुंचे थे। इनमें से दो परिवारों में शादी का कार्यक्रम था, जबकि एक परिवार में तेरहवीं का आयोजन होना था।जिलाधिकारी ने मौके पर ही प्रार्थियों से बातचीत की और जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि ऐसे सभी जरूरतमंदों

को तत्काल गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी मनीष सिंह को निर्देशित किया कि शादी-विवाह जैसे विशेष अवसरों के लिए सिलेंडर लेने वालों का अलग से रजिस्टर तैयार किया जाए, ताकि भविष्य में किसी को परेशानी न हो।जिलाधिकारी के इस औचक निरीक्षण से स्पष्ट है कि प्रशासन अब आम जनता की सुविधाओं को लेकर पूरी तरह गंभीर है।

आज से शुरू होगा 'दस्तक अभियान'घर-घर जाएगी टीम

आशा कार्यकत्रियों को दिया गया प्रशिक्षण, बुखार में लापरवाही पड़ सकती है भारी

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली । संचारी रोगों से बचाव के लिए आज से 'दस्तक अभियान' की शुरुआत होने जा रही है। 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलने वाले इस विशेष अभियान के तहत आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करेंगी।

गुरुवार को 300 शैय्या चिकित्सालय में करीब सभी आशा कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें उन्हें संचारी रोगों की पहचान, बचाव और इलाज के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि हर साल यह 21 दिवसीय अभियान चलाया जाता है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि बुखार को हल्के में लेना खतरनाक हो सकता है, इसलिए समय पर जांच बेहद जरूरी है। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन के अनुसार, इस अभियान के दौरान बुखार, टीबी, कुष्ठ रोग, फाइलेरिया और कालाजार जैसे रोगों के संभावित मरीजों की पहचान की जाएगी। साथ ही कुपोषित बच्चों को भी चिन्हित कर उनका डेटा ई-कवच पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।

